

पीएम नरेन्द्र मोदी देश की उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर गणपति पूजा समारोह में शामिल हुए। इसको लेकर कुछ लोग पीएम और सीजेआई दोनों के मिलने को भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बता रहे हैं।


# जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक:130 दिनांक:13-09-2024 शुक्रवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M




पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं।

## पीएम मोदी के सीजेआई घर पहुंचने पर सियासी गलियारों में हलचल

संजय राउत बोले-संविधान के घर को आग लगी घर के चिराग से

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेन्द्र मोदी देश की उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर गणपति पूजा समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने खुद इसकी जानकारी सोशल साइट एक्स पर दी है। इस दौरान पीएम मोदी चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी के साथ भगवान गणेश की आरती करते और पूजा करते नजर आ रहे हैं। पीएम ने पूजा करते हुए पारंपरिक महाराष्ट्रियन टोपी पहनी थी। दरअसल, गणेश उत्सव सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाया जाता है। इसलिए स्वाभाविक है कि पीएम मोदी ने महाराष्ट्रीयन टोपी को वरीयता दी होगी। इस बात को लेकर कुछ लोगों को मिर्ची लग गई। इसको लेकर कुछ लोग पीएम और सीजेआई दोनों के मिलने को भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बता रहे हैं।

पीएम मोदी के घोर विरोधी सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट कर कहा कि न्यायाधीश के आचार संहिता का उल्लंघन उस स्थिति को दर्शाता है जिसमें न्यायाधीश ने अपने कार्यालय की गरिमा के अनुरूप पर्याप्त दूरी बनाए रखने में विफलता दिखाई है। इसका तात्पर्य है कि न्यायाधीश के किसी भी कार्य या चूक ने उसके उच्च पद की गरिमा और सार्वजनिक मान्यता को प्रभावित किया है।

मोदी सीजेआई के घर पहुंचे, इसलिए सीजेआई भी अब उनके लिए सम्माननीय रहे। मतलब साफ है कि उन्हें विरोध के लिए विरोध करना ही है। प्रशांत भूषण अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ थे। बाद में अरविंद केजरीवाल ने उनसे छुटकारा पा लिया था। न्यायपालिका के खिलाफ एक बार प्रशांत के दो ट्वीट को लेकर न्यायालय ने उन्हें अवमानना का दोषी ठहराया था। बाद में प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने एक रुपए का आर्थिक जुर्माना लगाया था।

वहीं शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत भी मोदी के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ से घर पहुंच कर मुलाकात करने से नाराज हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। राउत की पार्टी के सामने बीजेपी मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। राउत इसलिए परेशान हैं क्योंकि पीएम मोदी ने एक तीर से कई शिकार किए हैं। मोदी ने मराठी टोपी पहनकर मराठा स्वाभिमान को सम्मान दिया है। राउत ने संदेह जताया कि क्या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के तहत शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को न्याय मिलेगा इतना ही उन्हें मामले से खुद को अलग करने की सलाह भी दे डाली।

संजय राउत मोदी और सीजेआई के मुलाकात पर लिखा- संविधान के घर को आग लगी घर के चिराग से। ईवीम को क्लीन चीट महाराष्ट्र में चल रही संविधान विरोधी सरकार की सुनवाई पर तीन साल से तारीख पे तारीख। प. बंगाल रेप मामले में सुइमोटो हस्तक्षेप लेकिन महाराष्ट्र रेप कांड का जिक्र तक नहीं। दिल्ली के सएम केजरीवाल की जमानत पर तारीख पे तारीख। ये सब क्युं हो रहा है? क्रॉनॉलॉजी समझ ढ्ढह्लढ्ढच□र्ष्ठंछुदृ माता की जय!!! सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस पर आपत्ति जताई है। इसके अलावा अन्य राजनीतिक दलों की भी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र एवं राज्य सरकारों के हजारों मामले लंबित हैं। 75 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। जब प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश के घर गणेश पूजा के लिए पहुंचे। उन्होंने पूजा की फोटो सार्वजनिक की है। इसके बाद से न्यायपालिका और सरकार के बीच संबंधों को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रिया हो रही है।

## सीताराम येचुरी का निधन

निमोनिया की वजह से दिल्ली एम्स में थे भर्ती

नई दिल्ली (ईएमएस)। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 सालकीउम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था।

परिवार ने अस्पताल को सीपीआई(एम) नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे थे। वहीं, सीपीआई(एम) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था। डॉक्टरों कीटीमउनकाइलाजकर रही थी। देशभर के नेताओं ने येचुरी को श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सीताराम येचुरी मेरे अच्छे दोस्त थे। वे भारत के विचार के सच्चे रक्षक थे और देश को अच्छी तरह समझते थे। मैं उनके साथ की गई लंबी चर्चाओं को बहुत याद करूंगा। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि येचुरी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे एक अनुभवी सांसद थे और उनका जाना राष्ट्रीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि येचुरी जी के निधन पर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय राजनीति के एक दिग्गज नेता थे। वह मुद्दों की बारीक समझ रखने वाले और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## ममता बनर्जी ने कहा - लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार

कोलकाता (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार हूं। आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर की हत्या मामले में मैं भी न्याय चाहती हूं। उन्होंने कहा, ''मैं बंगाल के लोगों से माफी मांगती हूं, जिन्हें उम्मीद थी कि आज आरजी कर मामले में गतिरोध खत्म हो जाएगा।'' इससे पहले हड़ताली डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग करने से इनकार कर दिया।

दो दिन पहले हड़ताली डॉक्टरों ने मुख्य सचिव से बात करने से इनकार करते हुए मुख्यमंत्री से बातचीत करने की मांग की थी। उस दिन भी मुख्यमंत्री राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव के साथ करीब ढाई घंटे तक इंतजार करती रह गई थीं लेकिन डॉक्टरों ने मुख्य सचिव के मेल का जवाब तक नहीं दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए आज भी दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। सीएम ने कहा, ''हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे लेकिन चूंकि आरजी कर मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जूनियर डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता है।''

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ शब्दों में कहा कि वह आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ''उन्हें माफ कर दूंगी क्योंकि हम बड़े हैं।'' मुख्यमंत्री ने ये भी बताया कि जूनियर डॉक्टरों के 'काम बंद' करने से 27 लोगों की मौत हुई है और राज्यभर में सात लाख मरीज परेशान हुए हैं।

## शक्ति अभ्यासः दूसरे देशों के पायलटों ने उड़ाए हमारे विमान, दिखाए करतब

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की तारीफ बोले-हमारी फोर्स दुनिया में नंबर वन

जोधपुर,(ईएमएस)। इंडियन एयर फोर्स की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति 2024 जोधपुर के एयरफोर्स स्टेशन पर देखने को मिली। वायुसेना की एयर एक्सरसाइज में भारत सहित आठ देश इसमें भाग ले रहे हैं, जबकि 20 अन्य देश इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ भी शिरकत कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तरंग शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने 12 से 14 सितंबर तक चलने वाली डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेंसर, रडार और क्षेत्र में भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। आज के समय में जहां कई देश युद्ध लड़ रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि दुनिया बदल रही है और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, ऐसे में हमें अपनी साझेदारी, सहयोग का दायरा बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं।

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के दौरान गुरुवार को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में वायुसेना ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। भारत सहित आठ देशों के वायुसेना प्रमुखों ने एक-दूसरे के लड़ाकू विमान उड़ाए। यह नजारा देख रक्षा मंत्री ने खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारी फोर्स दुनिया में नंबर वन है। 20 अन्य देश इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ भी शिरकत कर रहे हैं।

## अयोध्या में चल रही है जमीन की लूट घसोट-अखिलेश यादव

लखनऊ (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता और अधिकारी जमीन की लूट घसोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं ने अधिकारियों की मिलीभगत से अयोध्या को लूट का अड्डा बना दिया है। सेना की फायरिंग रेंज की जमीन को कौड़ियों के दाम में बेच दिया गया है। किसानों को डरा कर उनकी जमीन को औनेपौने दाम पर खरीदा गया है। सरकार के अधिकारी और भाजपा के लोग लूट में लग गए है और जहां लूट होगी वहां विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सपा के अयोध्या के नेताओं ने आज लूट का काला चिट्ठा खोला है। अब सोचिए जब राम की नगरी में लूट का यह हाल है तो पूरे प्रदेश में कितनी लूट हो रही होगी। राम मंदिर को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में भाजपा के नेताओं ने सस्ती दरों पर जमीने हथियानी शुरु कर दी और किसानों की सर्किल रेट को बढ़ाने की मांग की नजरअंदाज कर दिया और जब इन्होंने किसानों से सस्ते दामो में जमीनें ले ली, अब सर्किल रेट बढ़ा दिये गये हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा ''सरकार के नेताओं, और अधिकारियों की सूची और रजिस्ट्रियां हमारे पास है। इन्होंने सेना की जमीन पर कब्जा कर लिया, जिस डिफेंस की ओर कोई नहीं देखता, उस जमीनों को इन्होंने बेंच दिया। अपनी सुविधा के लिए रेलवे की लाइन बदल दी और उस जमीन को सरकारी अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने हथिया लिया जबकि नयी रेल लाइन डालने के नाम पर कई घरों को खाली करने के नोटिस थमा दिये।'' उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस का नारा देने वालों ने गरीबों और किसानो को आवास विकास का डर दिखा कर उनसे सस्ते दामों में जमीने ले लीं मगर समाजवादी पार्टी गरीबो के साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास के खिलाफ नहीं है। अयोध्या एक वर्ल्ड क्लास सिटी बने, इसके लिए वह हर सहयोग को तैयार हैं मगर विकास के लिये दिमाग का होना जरूरी है जो भाजपा के नेताओं के पास नहीं है। दो साल बाद जब समाजवादी सरकार आएगी तो न सिर्फ अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी बनायेंगे बल्कि गरीबों को सर्किल रेट बढाकर मुआवजा दिया जाएगा।

सुल्तानपुर की घटना का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि पुलिस एनकाउंटर के नाम पर हत्यायें कर रही हैं। मंगेश यादव एनकाउंटर केस में गांव वाले भी कहते है कि पुलिस रात में उठाकर ले गयी,उसके पास से जो मोटरसाइकिल मिली उसकी चोरी की रिपोर्ट घटना के कई दिन बाद लिखी गयी। मंगेश यादव के पास नया बैग मिला,उस बैग में नए कपड़े मिले। दरअसल यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या थी और यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले तमाम एनकाउंटर हुए जिनमें सबसे ज्यादा पीडीए परिवार के लोग मारे गए। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुये कहा कि जिसका दिल दिमाग नाकारात्मक हो उससे विकास की क्या उम्मीद कर सकते हैं। अगर दिमाग होता तो पुलिस चप्पल में एनकाउंटर न करती। ये सरकार लूट के साथ डर दिखाकर एनकाउंटर कर रही है। जो अधिकारी रात में हत्या की रणनीति बनाएं,उनसे न्याय की क्या उम्मीद की जा सकती है। हकीकत तो यह है कि भाजपा सरकार किसी की सगी नही है,उन्हें अपना स्वार्थ सिद्ध करना है।

एक सवाल के जवाब में उन्होने जमीन की रजिस्ट्रियां दिखाते हुये कहा ''जब गरीबसे जमीन ली जा रही थी, तब सर्किल रेट क्यो नहीं बढ़ाया गया। इन जमीन रजिस्ट्री में सबकी फोटो लगी है, उनके परिवार के लोगो की फोटो लगी है,अब तय है इसके बाद मुख्यमंत्री कोई अलग सूची नहीपढ़ पाएंगे।'' बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती के गठबंधन तोड़ने के आरोप का जवाब देते हुये अखिलेश यादव ने कहा ''जिस दिन बीएसपी से गठबंधन टूटा दोनो दल के लोग आजमगढ़ में सार्वजनिक मंच परथे मैं भी था किसी को नहीं पता था कि गठबंधन टूट गया। मैने खुद फोन कर पूछना चाहा था कि ऐसा क्यों किया.कभी कभी अपनी बात छुपाने के लिए कुछ बाते की जाती है।''

## मस्जिद का अवैध निर्माण तोडऩे को मुस्लिम-समुदाय तैयार

शिमला (ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली मस्जिद विवाद जल्द सुलझ सकता है। मस्जिद कमेटी ने गुरुवार को मस्जिद का अवैध निर्माण तोडऩे की पेशकश की। इसके लिए उन्होंने शिमला नगर निगम कमिश्नर भूपेंद्र अत्री से मुलाकात की। कमिश्नर ने बताया कि मस्जिद कमेटी ने खुद कहा कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक मस्जिद की 3 अवैध मंजिल को सील किया जाए। कमेटी इसके लिए तैयार हैं।

संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर पिछले 13 दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों हुए लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मंडल ने गुरुवार को शहर की सभी दुकानें बंद रखी हैं।

## नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को फांसी पर लटकाया

-मुखबिरी के शक में जनअदालत में दी सजा

बीजापुर (ईएमएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने दोनों ग्रामीणों को जनअदालत में फांसी पर लटकाकर मौत के घाट उतार दिया है। जबकि एक छात्र को रिहा कर दिया। खबरों के अनुसार नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीणों को मार डाला। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है। इस घटना के संबंध में पुलिस को फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। घटना कब हुई है और मारे ग्रामीणों का नाम सहित अन्य जानकारी को पता लगाने में पुलिस कोशिशें जारी है। अंदरुनी इलाके में घटना होने के कारण कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है।

जानकारी के अनुसार बीजापुर में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। खबरों के अनुसार, नक्सलियों ने इन दोनों ग्रामीणों को जनअदालत में फांसी पर लटकाकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना पुलिस मुखबिरी के शक में की गई बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने शुक्रवार की रात बीजापुर जिले के एक दूरदराज गांव में दोनों ग्रामीणों को पकड़ा। आरोप है कि नक्सलियों ने उन्हें पुलिस को सूचना देने के शक में जनअदालत का आयोजन किया। इसके बाद, इन दोनों ग्रामीणों को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने नक्सलियों की इस क्रूरता के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है।

## इलेक्ट्रिक कारों की कीमत 2 साल में पेट्रोल कारों के बराबर हो जाएगीः गडकरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कई बार इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमत और इनकी बिक्री से जुड़े मुद्दे उठा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमत अगले 2 साल में पेट्रोल कारों के बराबर हो जाएगी।

आम आदमी के लिए कीमत सस्ती होने से इनकी बिक्री में इजाफा होने लगेगा। नितिन गडकरी लंबे समय से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के पक्षधर रहे हैं। 64वें अक्मा वार्षिक सत्र में बोलते हुए, गडकरी ने इलेक्ट्रिक वाहनों को आम जनता के लिए किफायती बनाने के उपायों पर जोर दिया। गडकरी ने एक दशक पहले प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माताओं की ओर से उन्हें मिले संदेह के बारेमें भी विचार व्यक्त किए। गडकरी ने कहा,''दस साल पहले, जब मैं ईवी के लिए जोर दे रहा था, तो भारत में ऑटोमोबाइल दिग्गजों ने मुझे गंभीरता से नहीं लिया। अब, वे मुझसे कहते हैं कि शायद वे मौका चूक गए हैं।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईवी पर उद्योग का नजरिया काफी बदल गया है। अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने ऑटोमोबाइल कंपनियों से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा पहलों में योगदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा उनके मंत्रालय के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि खराब तरीके से डिजाइन और इंजीनियर की गई सड़कें भारत में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि अगर वित्त मंत्रालय या उद्योग मंत्रालय उन्हें लागू करने का फैसला करता है, तो वह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए अतिरिक्त सब्सिडी या प्रोत्साहन देने के खिलाफ नहीं हैं। गडकरी ने कहा, ''मैं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी या प्रोत्साहन के खिलाफ नहीं हूं।

अगर वित्त मंत्री और उद्योग मंत्री अधिक देना चाहते हैं, तो मुझे कोई समस्या नहीं है।'' बता दें कि देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़वा देने के कई प्रयास किए जा रहे हैं. हालांकि, पेट्रोल गाड़ियों की तुलना में अधिक कीमत के वजह से लोगों के बीच इनकी स्वीकार्यता कम है। देश में ही इलेक्ट्रिक गाड़ियों और कंपोनेंट्स का निर्माण शुरू होने से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की कीमत तो कम हुई है लेकिन अब भी इलेक्ट्रिक कारें काफी महंगी हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर अवैध रूप से भेजे गए 45 भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया

नई दिल्ली (ईएमएस)।विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर अवैध रूप से भेजे गए 45 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और उन्हें रूसी सेना से मुक्त कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि युद्ध क्षेत्र में अभी भी 50 भारतीय नागरिक मौजूद हैं और उन्हें भी सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय इन भारतीय नागरिकों की रिहाई और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में मास्को यात्रा के दौरान, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आश्वासन दिया था कि रूस में गलत तरीके से भर्ती किए गए सभी भारतीय नागरिकों को युद्ध के मोर्चे से हटाकर मुक्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के बाद अब रूसी सेना में अवैध रूप से शामिल किए गए भारतीयों की रिहाई शुरू हो चुकी है।

रूस ने माना है कि कुछ भारतीय नागरिकों को गुमराह करके सेना में भर्ती कर युद्ध क्षेत्र में भेजा गया था। भारत सरकार की इस दिशा में लगातार कोशिशों के बाद अब उन्हें छुड़ाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जो भी भारतीय नागरिक अभी युद्ध क्षेत्र में हैं, उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष में कम से कम चार भारतीय मारे भी गए हैं।

## 10 मर्दों से शादी, सभी पर रेप आरोप, हाईकोर्ट ने कहा, इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक में एक महिला ने 10 मर्दों से शादी की। उनके साथ संबंध बनाए। अब जाकर उसने सभी पर बलात्कार का आरोप लगाया है। इस केस की सुनवाई कर रहे कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा कि इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया है। हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक को निर्देश दिया कि वे संदिग्ध महिला दीपिका की जानकारी राज्य भर के पुलिस थानों में डिजिटल रूप से प्रसारित करें और उन्हें उसकी शिकायतों से सावधान रहने के लिए कहें।

सुनवाई के दौर जज ने कहा कि यह तो इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया है। कोर्ट ने कहा, ''इरादा स्पष्ट है। यह केवल उन लोगों को परेशान करने के लिए है जिनका शिकायतकर्ता से कोई लेना-देना नहीं था। शिकायतकर्ता की हरकतों और चालों का शिकार 10 से ज़्यादा लोग हुए हैं, जो हनी-ट्रैप की हद तक हैं। मैं शिकायतकर्ता के कृत्यों को एक दशक पुरानी धोखाधड़ी की गाथा मानता हूं। यह सिर्फ एक के खिलाफ नहीं, बल्कि कई लोगों के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता लगातार झूठ बोल रही है और बिना किसी ठोस सबूत के केस दर्ज करवा रही है। वह हर सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रही है। जज ने कहा कि इस अदालत के समक्ष भी शिकायतकर्ता एक बार पेश हुई है और कई मौकों पर पेश नहीं हुई है। जज ने कहा, जिस पुलिस थाने के समक्ष शिकायतकर्ता केस दर्ज करवाना चाहेगी उसे उचित प्रारंभिक जांच किए बिना केस दर्ज नहीं करना चाहिए। इस ट्रेंड को रोकना जरूरी है।

## 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था, मगर अब..., पीएम मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष का कटाक्ष

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पीएम ने चुनाव से पहले 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था। मगर, अब उनकी गठबंधन सरकार के 95 दिनों में देश उनकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स में कहा, नरेंद्र मोदी जी चुनाव से पहले आपने जोर-शोर से 100 दिन के एजेंडे का ढिंढोरा पीट दिया था। अब 95 दिनपूरे हो गए हैं, लेकिन आपकी गठबंधन सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है।

गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोडऩे के लिए...

खरगे ने कहा, चलिए थोड़ा पीछे ले चलते हैं। आपकी सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोडऩे के लिए एक जनविरोधी बजट लेकर आई है। जम्मू एवं कश्मीर में, विशेष रूप से जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, जहां भारतीय सेना के कई बहादुर जवान शहीद हुए।

अब कारनामों को दबाया नहीं जा सकताः खरगे

उन्होंने कहा कि 16 महीने बीत गए हैं। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी आपके पास राज्य को देखने के लिए समय तक नहीं है। मोदी-अदाणी महा घोटाले का खुलासा और सेबी अध्यक्ष द्वारा भूल-चूक के कारनामों को अब और दबाया नहीं जा सकता।

हर दिन युवाओं को धोखा दिया जा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, चाहे वह नीट पेपर लीक घोटाला हो या बड़े पैमाने पर बेरोजगारी साबित करने वाली घटना, मोदी सरकार ने हर दिन युवाओं को धोखा दिया है।

जो भी बनाया, सभी में खामियां

उन्होंने यह भी कहा, चाहे महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हो, हवाई अड्डों की छत हो, अयोध्या में भगवान राम मंदिर हो, एक्सप्रेसवे, पुल, सडक़ें, सुरंग हो, ऐसे कुछ भी जो बनाने का आप (पीएम मोदी) दावा कर रहे हैं, उन सभी में खामियां थीं। रेलवे सुरक्षा गंभीर खतरे में है। शहरों में पानी भर गया है और राज्यों को पर्याप्त राहत नहीं दी गई है।

100 दिनों के लिए आपका एजेंडा क्या था?

उन्होंने कहा कि आपको वक्फ विधेयक को जेपीसी को सौंपना पड़ा, यूपीएस में यू टर्न लेने और लेटरल एंट्री पर संविधान का समर्थन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसका पूरा श्रेय जनता और इंडी गठबंधन के दलों को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई नहीं जानता कि 100 दिनों के लिए आपका एजेंडा क्या था। लेकिन 95 दिनों में देश आपकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है।

## अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होगा रामलला मंदिर के शिखर के निर्माण का कार्य

अयोध्या (ईएमएस)। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर के निर्माण का कार्य अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होगा। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि राम मंदिर में सबसे बड़ी चुनौती शिखर निर्माण की है। राम मंदिर निर्माण पर नृपेंद्र मिश्र ने कहा प्रथम तल का निर्माण 90ï पूरा हो गया। राम दरबार की मूर्ति का मूर्तिकार वासुदेव कामत ने क्ले के डिजाइन का मुआइना किया है। जहां पर इसका निर्माण होना है उस ड्राइंग को मूर्तिकार वासुदेव कामत ने पास कर दिया है। राम दरबार का पत्थर का जो कार्य होना है वह नवंबर तक पूरा हो जाएगा। 2025 में 3 महीने के अंदर राम मंदिर का प्रथम तल व द्वितीय तल का निर्माण और राम दरबार की स्थापना राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी इनकी स्थापना भी 2025 के तिमाही में हो जाएगी।

नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि राम मंदिर में सबसे बड़ी चुनौती शिखर निर्माण की है। शिखर के निर्माण के समय जितनी भी क्वालिटी एजेंसियां कार्य कर रही है वह सभी मौजूद रहेंगी। उनके प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इन लोगों के उपस्थिति में ही शिखर के निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

मंदिर निर्माण के प्रथम तल का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। द्वितीय तल का कार्य चल रहा है प्रथम और द्वितीय तल पर लगभग 29 दरवाजे लगाए जाने हैं। प्रथम तल पर सागौन की लकड़ी के दरवाजों के ऊपर सोने के परत भी चढ़ाई गई है। इसको राम मंदिर के प्रथम तल में लगाया जा चुका है। द्वितीय तल यानी राम दरबार पर भी इन्हीं लड़कियों से दरवाजा का निर्माण कराया जाएगा।

## बिहार में हो सकते हैं समय पूर्व चुनाव

पटना (ईएमएस)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार लोकसभा के समय से ही समय पूर्व चुनाव की इच्छा जताते रहे हैं। भाजपा ने ही लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव कराने से मना कर दिया था। हालांकि भाजपा ने यह आश्वासन जरूर दिया था कि लोकसभा चुनाव के बाद कभी भी नीतीश चाहें तो चुनाव करा सकते हैं। संयोग से लोकसभा में जेडीयू को ठीक-ठाक सफलता मिल गई। उसके बाद से नीतीश का उत्साह भी बढ़ा है। जिस तरह नीतीश सरकारी परियोजनाओं को लेकर सक्रिय हुए हैं, उससे तो यही लगता है कि भाजपा ने चुनाव का सिग्नल दे दिया है। नीतीश चाहते हैं कि चुनाव तक चल रही योजनाएं पूरी हो जाएं तो जनता के बीच जाने पर उन्हें यह बताने को मिल जाएगा कि पांच साल के दौरान राज्य सरकार ने कौन-कौन से काम किए हैं।

अगर समय से पहले बिहार में विधानसभा का चुनाव होता है तो ज्यादा संभावना है कि झारखंड के साथ ही यह हो। झारखंड के साथ नहीं हुआ तो दिल्ली के साथ भी हो सकता है। झारखंड में इसी साल के अंत में चुनाव होना है, जबकि दिल्ली में अगले साल फरवरी में होगा। बिहार विधानसभा चुनाव भी 2025 में ही होना है, लेकिन साल के आखिरी तिमाही में कार्यकाल पूरा होगा। नीतीश कुमार जल्दी चुनाव कराने के पक्ष में हैं। वे लोकसभा के टेंपो को बरकरार रखना चाहते हैं। जिस तरह से नीतीश ने संगठन को दुरुस्त किया है और लोकसभा में कामयाबी हासिल की है, उससे उन्हें उम्मीद है कि इस बार विधानसभा चुनाव में भी बेहतर नतीजे आएंगे। बेहतर नतीजे की उम्मीद इसलिए भी है कि चिराग पासवान इस बार एनडीए में हैं और उनसे व्यवधान की आशंका नहीं है। इसलिए कि वे अभी भाजपा के दबाव में हैं और भाजपा पर नीतीश कुमार का एहसान है।

जल्दी चुनाव की उम्मीद इसलिए भी है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे पर भी मंथन शुरू हो गया है। एनडीए के घटक दल इशारों में अपनी सीटों की दावेदारी भी करने लगे हैं। आरएलएम सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा का कहना है कि लोकसभा की तरह विधानसभा में सीट बंटवारे का फार्मूला काम नहीं करेगा। लोकसभा में जो गड़बड़ी हुई, वह विधानसभा चुनाव में दुरुस्त हो जाएगी। इसकी उन्हें पूरी उम्मीद है। चिराग पासवान ने भी 50 सीटों की दावेदारी कर दी है। जेडीयू और भाजपा की बातें अभी तक सामने तो नहीं आई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि नीतीश कुमार हर बार की तरह इस बार भी बड़े भाई की भूमिका में होंगे। लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को बड़ा भाई मान कर उससे एक सीट कम पर लड़ना कबूल कर लिया था। पिछली बार जेडीयू विधानसभा की 115 सीटों पर लड़ा था और भाजपा के हिस्से में 110 सीटें थीं। हालांकि पिछली बार चिराग पासवान एनडीए से अलग हो गए थे, इसलिए उन्हें हिस्सा देने की मजबूरी नहीं थी। इस बार साथ हैं तो उनका भी हिस्सा तो होगा ही। मुकेश सहनी अगर एनडीए में आ जाते हैं तो उनके लिए भी सीटों का बंदोबस्त करना पड़ेगा।

## जन हितैषी

# धारा 498-ए परिवार को तोड़ने और ब्लैकमेल करने वाला कानून?

सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498-ए के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है। कानून की यह धारा विवाह के बाद महिलाओं को उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई थी। इस कानून का महिलाओं द्वारा गलत उपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से तलाक, विवाह के पश्चात पति-पत्नी में विवाद, नारी स्वतंत्रता, समान अधिकार और संपत्ति के मामलों में इस कानून का उपयोग पति, ससुराल पक्ष को प्रताड़ित और ब्लैकमेल करने के लिए किया जा रहा है। धारा 498-ए का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना था। उन्हें ससुराल पक्ष के अत्याचार से बचाने के लिए यह संशोधन किया गया था। पिछले कई वर्षों में अदालतों में ऐसे हजारों मामले सामने आये हैं, जहां महिलाओं ने इस धारा का दुरुपयोग कर ससुराल पक्ष का उत्पीड़न किया है। इस कानून के तहत झूठी शिकायत करके ससुराल पक्ष को ब्लैकमेल किया जाता है। पति और उसके परिवार वालों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल भिजवाने की धमकी दी जाती है। मामला सुलझाने के लिए लाखों रुपए की वसूली ससुराल पक्ष से की जाती है। बॉम्बे हाईकोर्ट सहित आधा दर्जन हाईकोर्ट तथा देश की हजारों ट्रायल कोर्ट ने इस कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर फैसले दिए हैं। कई मामलों में महिलाओं ने पति, उसके बुजुर्ग माता-पिता, यहां तक कि परिवार के बीमार सदस्य, जो बिस्तर से उठ नहीं सकते हैं, पति की बहन और उसके बहनोई को भी इस धारा के तहत झूठे आरोपों में फंसाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में दिए गए आदेश में स्पष्ट किया है, कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने कहा, जब तक झूठे मामले दायर कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी, परिवार टूटते रहेंगे। अदालतों और समाज के सभी पक्षों को इस कानून का दुरुपयोग ना हो, इसके लिए संवेदनशीलता और सतर्कता रखने की आवश्यकता है। न्यायालय ने यह भी कहा, कि पति और उसके परिवार के खिलाफ झूठे आरोप लगाए जाते हैं, तो वह भी कानूनी रूप से न्यायालयीन कार्रवाई कर सकते हैं। भीड़ तंत्र के दबाव में आकर सरकार इस तरह के विशेष कानून बना देती है। जिसकी जरूरत ही नहीं होती है। भारतीय दंड संहिता में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के चाहे वह महिला हो या पुरुष सभी को समान अधिकार भारतीय दंड संहिता में हैं। तब इस तरह के विशेष अधिकार बनाने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाएं कमजोर वर्ग की होती हैं। उन्हें समय पर तत्काल न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए जांच एजेंसियों और प्रशासन की भूमिका और जिम्मेदारी बड़ी होती है। जिम्मेदारी से बचने के लिए जांच एजेंसियां और सरकार इस तरह के कानून बनवाकर वाहवाही लूटती हैं। जल्द ही उसके दुष्परिणाम सामने आ जाते हैं। इस तरह के विशेष कानून बनाने से अपराध कम होने के स्थान पर और तेजी के साथ बढ़ते हैं। पिछले तीन दशक का अनुभव यही बताता है। निर्भया के बाद सरकार ने कई कड़े कानून यौन अपराधों को रोकने के लिए बनाए, लेकिन अपराध कम होने के स्थान पर और बढ़ गए। जांच एजेंसियां और प्रशासन यदि ठीक तरीके से काम नहीं करेगा। तो अपराधों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता है। प्रशासन और जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है। सरकार की भी नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सरकार कानून बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। सुप्रीम कोर्ट जिसे संविधान ने सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक बनाया है। भीड़तंत्र के दबाव में सरकार यदि इस तरह के कानून बनाती है तो न्यायपालिका को समीक्षा करने का अधिकार है। यदि कानून का दुरुपयोग हो रहा है तो सुप्रीम कोर्ट इसे रद्द कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट भी यदि पर-पदेश कुशल बहुतेरे की तरह उपदेश देने लगती है। तब नागरिकों में निराशा उत्पन्न होती है। इस कानून के बनने से पति-पत्नी का दांपत्य जीवन तेजी के साथ टूट रहे हैं। इसकी पीड़ा महिलाओं को ही झेलनी पड़ रही है। पहले ससुराल पक्ष और बाद में मायके पक्ष से महिलाएं प्रताड़ित की जा रही हैं। पति-पत्नी और परिवार जनों के बीच समय-समय पर कुछ नाराजी पनपती है। वह विश्वास, समर्पण और परिवार जनों के हस्तक्षेप से सुलझ जाती है। जब से महिलाओं के लिए यह विशेष अधिकार दिए गए हैं। उसके बाद से महिला और मायके पक्ष के लोगों ने इसे कमाई का एक जरिया बना लिया है। दांपत्य जीवन अब पहले की तरह नहीं रहे। नई युवा पीढ़ी जरा-जरा सी बात पर अलग होकर अकेले रहना चाहती है। 498-ए उन महिलाओं के लिए ब्रह्मास्त्र हो गया है। जिसके कारण परिवार बड़ी तेजी के साथ टूट रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ऐसी आशा की जाती है।

# जीवन एक क्रिकेट मैच

प्रांतिकारी संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है।

कभी-कभी कुछ आग्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी के लिए नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। उस प्रेरक विचार उन्होंने प्रवचनमाला में व्यक्त किए। हाथों में मोबाइल हो न हो, चेहरे पर स्माइल हर हाल में होना चाहिए। आदमी स्मार्ट मोबाइल से नहीं, मुस्कुराहट से बनता है। हँसना पुण्य है और हँसाना परमपुण्य है। जब आप हँसते हैं तो आप ईश्वर की आराधना करते हैं। जब आप किसी रोते हुए को हँसाते हो तो ईश्वर आपकी आराधना करता है। दुनिया के सामने रोने की आवश्यकता नहीं है। जब पाँच सेकंड मुस्कुराने से फोटो अच्छी आ सकती है तो जिंदगी भर मुस्कुराने से जिंदगी क्यों नहीं अच्छी हो सकती। राजनीतिक लोग पार्टियाँ बदल लेते हैं, बैनर बदल लेते हैं, भाषण बदल जाता है, टोपी बदल जाती है, लेकिन टोपी के नीचे जो खोपड़ी है वही नहीं बदलती। मैं कहता हूँ टोपी को नहीं, खोपड़ी बदलो। आप अपने से बेखबर हैं, कानों के साथ आँखों का उपयोग किया करो। किसी ने कहा है वो दिल के बहुत अच्छे हैं, लेकिन कानों के कच्चे हैं। आदमी सुनी-सुनाई बातों पर यकीन कर लेता है और बरसों की दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है। एसटीडी कॉल करने से पहले शून्य लगाना जरूरी है। उसी तरह गुरु के पास भी जाने से पहले मन का शून्य होना जरूरी है। मन खाली होगा तभी तो कुछ भर पाओगे। शक का कीड़ा एक बार दिमाग में घुस जाए तो उसका कोई इलाज नहीं होता।

## गणेश जी के बहाने चंद्रचूड़ पर डोरे

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूड़ के घर गणेश जी की आरती करने यदि प्रधानमंत्री श्रि नरेंद्र दामोदर दास जा पहुँचें तो आपको चौंकना नहीं चाहिए । ये मोदी जी की दरियादिली है या कोई गणित ये गणेश जी को पता है या मोदी जी को,लेकिन हम जैसे बहुत से कूढ़ मगज मोदी जी की इस पेशकदमी के भी निहितार्थ तलाशने लग जाते हैं। आखिर हमारा काम ही है ये। मुंबई हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या फिर देश का दूसरा इलाका। हर जगह गणेश उत्सव की धूम नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार गणपति पूजन में शामिल हो रहे हैं। मोदी जी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के घर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री ने गणपति बप्पा की आरती की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। मोदी ने इसखासमौके के लिए मराठी पोशाक को चुनाथाटोपीऔरगोल्डन धोती-कुर्ता पहनकर पहुंचेभगवान गणेश के पूजन से जुड़ी तस्वीरें पीएम ने' पर भी शेयर की हैं। जिसके साथ उन्होंने लिखा- भगवान श्री गणेश हम सभी को सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करें।

मोदी जी के ऊपर अक्सर ये आरोप लगता है कि वे कहीं आते-जाते नहीं हैं। लेकिन मोदी जी ने मुख्य न्यायाधीश महोदय के घर गणेश आरती कर इन आरोपों को झुठला दियाअब जितने मुंह हैं उतनी बातें तो होंगी हीसवाल ये है कि क्या मोदी जी को चंद्रचूड़ जी ने आमंत्रित किया था या फिर मोदी जी अपनी तरफ से चंद्रचूड़ जी के घर पहुँच गए?यदिये आमंत्रण पर गए तो सवाल उठेगा कि सीजेआई को अचानक मोदीजी के प्रति ये प्रेम कैसे उमड़ पड़ा और यदि मोदी जी ने खुद ये पहल की तो सवाल किया जाएगा की मोदी जी को गणेश जी की अभ्यर्थना के लिए अचानक देश के मुख्यन्यायाधीश का घर ही क्यों नजर आया।

# भारत का पहला सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है 'तरंग शक्ति'

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया।

'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे।

'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी।

भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था। उस दस दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास में केवल भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि 'तरंग शक्ति' में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

बहरहाल, 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास की मेजबानी करके भारत का लक्ष्य रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाना और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तरंग शक्ति वायु अभ्यास के साथ भारत की रक्षा कूटनीति में उल्लेखनीय प्रगति होगी। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यही है कि यह अभ्यास इसमें शामिल रहे देशों की वायु सेनाओं के बीच न केवल व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा बल्कि आधुनिक हवाई युद्ध तकनीकों में सीखने और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। 'तरंग शक्ति' के आयोजन से भाग लेने वाले देशों के बीच लाभकारी संपर्क और सहयोग को बढ़ावा मिलने से भविष्य के रक्षा गठबंधनों का भी निर्माण होगा। 'तरंग शक्ति' अभ्यास के आयोजन का उद्देश्य उन मित्र देशों को एक साथ लाना है, जिनके साथ भारतीय वायुसेना नियमित रूप से बातचीत करती है और जिनके बीच एक निश्चित सीमा तक अंतर-संचालन क्षमता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

(लेखक - ललित गर्ग/ईएमएस)

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।


हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है। हरियाणा में पहलवानों की सबसे अधिक संख्या और कुश्ती में एक मजबूत परंपरा होने के बावजूद, समर्थन की कथित कमी पर चिंता है। खेलो इंडिया पहल में, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, गुजरात को सबसे अधिक बजट आवंटित किया गया, जिससे हरियाणा के खेल समुदाय में असंतोष पैदा हुआ। यह मुद्दा राज्य में एथलीटों के लिए संसाधनों और समर्थन के वितरण में कथित असंतुलन को उजागर करता है। इन स्थितियों में विनेश और बजरंग पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने का पार्टी को लाभ मिलेगा। हरियाणा चुनाव में उठाये जा रहे मुद्दों पर गौर करे तो ये संकेत भाजपा के लिये संकट का कारण बन रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार हरियाणा के चुनावों में लड़ाई कई दलों के लिये आरपार की है। 'अभी नही तो कभी नहीं'- हरियाणा का सिंहासन छूने के लिये सबके हाथों में खुजली आ रही है। इसमें हरियाणा के मतदाता की जागरूकता, संकल्प एवं विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगा।

### शब्द पहेली - 8127




**बाएँ से दाएँ**

1.जी,इच्छा,चित्त-2
2.तन,बदन,देह-3
4.अग्निदग्ध-2
6.रनिवास (उर्दू-3)
7.स्नान करना-3
8.विश्राम-3
9.राजा,सम्राट-3
10.वचन,प्रतिज्ञा-3
11.तरंग,हिलोर-3
13.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14.सही का विलोम-3
15.सद्पुरुष-2
16.पाठ,शिक्षा-3
17.कर्ता,कार्य करने वाला-3
18.इज्जत,मान,सम्मान-3
19.सब कुछ छीन लेना-2
20.भवन,प्रासाद-3
21.वजह-3
23.खेल दिखाने वाला-2
24.पेन,लेखनी-3
25.ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1.राय,वोट,अभिप्राय-2
2.लाज,लज्जा-2
3.500 कागजों की गड्डी -2
4.दुनिया,जगत-3
5.लेकर आना-2
6.अवैध,नाजायज-3
7.निगाह,दृष्टि-3
8.बैठने की जगह-3
9.आराम,मदद-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.लगन,जिद,उत्साह-3
12.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14.जवान,तरुण-3
15.रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16.दुर्बल का विलोम-3
17.वजह-3
18.पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19.रनिवास (उर्दू-3)
20.जी,इच्छा,चित्त-2
21.समयगति-2
22.देह,बदन-2

**शब्द पहेली -8126 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## ट्रिपल मर्डर केस का आरोपी लालू यादव गिरफ्तार

आरा (ईएमएस)। बिहार के आरा से ट्रिपल मर्डर केस का आरोपी लालू यादव को गिरफ्तार किया गया है। मिल्की गांवमें मानसिक रूप से विक्षिप्त आरा निवासी लालू यादव ने अपनी 32 वर्षीया पत्नी सीमा देवी, 8 वर्षीया बेटी सौम्या और 10 माह के पुत्र की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी थी। ट्रिपल मर्डर के इस आरोपित को पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में वहां थाने से फरार हो गया था। सुबह पुलिस ने आरोपी लालू को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन लापरवाही के आरोप में अजीमाबाद के थानाध्यक्ष नसीम खां, एसआई राजू कुमार और चौकीदार महेंद्र राम को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जाता है कि आरोपी लालू का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

## खेल-समाचार

### चहल का काउंटी में शानदार प्रदर्शन , 9 विकेट लिए

लंदन (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल आजकल काउंटी क्रिकेट में छाये हुए हैं। चहल को आज तक एक भी टेस्ट मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे में वह अपने को इस प्रारुप में साबित करने के लिए काउंटी में प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत ही वह नॉर्थम्पटनशर की ओर से 9 विकेट लेने में सफल रहे।

चहल के इस प्रदर्शन से नॉर्थम्पटनशर ने विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशिर को 133 रनों से हरा दिया।डर्बीशिर पहली पारी में 165 और दूसरी पारी में 132 रन पर सिमट गयी। नॉर्थम्पटनशर ने पहली पारी में 219 और दूसरी पारी में 211 रन बनाए थे। अब देखना है कि चहल के इस प्रदर्शन से वह चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने में सफल होते हैं कि नहीं। चहल को अबतक दलीप ट्रॉफी में भी जगह नहीं मिली है हालांकि वह टी20 के एक बेहतरीन स्पिनर हैं। चहल ने भारत के लिए 152 मैच खेले हैं पर इसमें एक भी टेस्ट मैच शामिल नहीं है।

### बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम , शंटो करेंगे कप्तानी

ढ़ाका (ईएमएस)। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ 19 सितंबर से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शंटो के पास ही रहेगी। उनकी कप्तानी में टीम ने पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। वहीं टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह पर गेंदबाज खालिद अहमद को शामिल किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी ) के अनुसार 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी शंटो के पास ही रहेगी। वहीं पाक के खिलाफ सीरीज में बाहर रहे सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय को इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। हसन कमर में चोट के कारण पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं थे। वहीं शोरिफुल भी कमर दर्द के कारण ही भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर रहेंगे। पाक के खिलाफ इस गेंदबाज ने रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी।

शोरिफुल शोरिफुल की जगह खालिद अहमद को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मौका मिला है। खालिद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पाए थे। वहीं विकेटकीपर जाकिर अली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम इस प्रकार हैः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, ताइजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन,खालिद अहमद।

### एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया

हुलुनबुइर (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए दक्षिण कोरियाई टीम को 3-1 से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने अपना चौथा मुकाबला जीतकर ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा है। भारतीय टीम ने पहले मैच में मेजबान टीम को चीन को 3-0 से जबकि दूसरे में जापान को 5-0 और इसके बाद गत उप विजेता मलेशियाई टीम को 8-1 से हराया है।

कोरिया के खिलाफ मैच में भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो जबकि अराईजीत सिंह हुंडल ने एक गोल किया। मैच शुरुअ होने के साथ ही भारतीय टीम की ओर से पहला गोल आठवें मिनट में अराईजीत ने किया। वहीं इसके एक मिनट बाद ही कप्तान हरमनप्रीत ने नौवें मिनट में गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद 43वें मिनट हरमनप्रीत ने गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को और बढ़ा दिया। वहीं कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर किया। भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपने सभी मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है।

### अब से हर दो साल में खेला जाएगा अंडर-19 महिला टी20 एशिया कप : जय शाह

कुआलालंपुर (ईएमएस)। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा है कि अब से हर दो साल में महिला अंडर-19 टी20 एशिया कप खेला जाएगा। जय शाह के अनुसार इस नये टूर्नामेंट की शुरुआत से युवाओं को टी20 विश्वकप की तैयारी का भी अवसर मिलेगा। शाह की अध्यक्षता में एसीसी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस टूर्नामेंट के आयोजन का फैसला हुआ। इस टूर्नामेंट को इसलिए शुरुकियाजारहाहै जिससे कि एशिया की उभरती महिला क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिल सके। इससे ये आईसीसी टूर्नामेंट में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगी।

इस फैसले से महिला क्रिकेट को भी आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। शाह ने कहा, ''महिला अंडर-19 एशिया कप की शुरुआत एक बड़ी उपलब्धि है जो युवा महिला क्रिकेटरों को अपने कौशल को विकसित करने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक एक विश्वस्तर का मंच उपलब्ध करायेगी। यह नई शुरुआत एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को बेहतर करने के लिए शुरु की गयी है और हमें उम्मीद है कि इससे एशिया में महिला क्रिकेट के विकास में तेजी आयेगी।

### हेड के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

साउथैम्पटन (ईएमएस)। ट्रैविस हेड के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मुकाबले में इंग्लैंड को 28 रनों से हरा दिया। इस मैच में कंगारुओं की जीत के हीरो ट्रैविस हेड रहे। हेड ने 23 गेंदों में 59 रन बनाये। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है,

वहीं आज सुबह इंग्लैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 59 और मैथ्यू शॉर्ट ने 41 रन बनाकर पावरप्ले के छह ओवरों में ही 86 रन बना दिये। हेड के पावरप्ले में आउट होने के बाद शॉर्ट भी आउट हो गए। इसके बाद जोश इंग्लिस ने 37 रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 179 रन पर ही सिमट गयी।

वहीं इंग्लैंड की ओर से रीस टोप्ले और सैम कुर्रन ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए टीम को वापसी कराने के प्रयास किये। टोप्ले ने तीन विकेट जबकि कुर्रन को दो विकेट मिले पर मेजबान टीम के बल्लेबाज किसी भी अवसर का लाभ नहीं उठा सके। लियाम लिविंग्स्टन ही 37 रन बना पाये। ही कप्तान फिल सॉल्ट ने 20 रन बनाए। इस प्रकार इंग्लैंड की पूरी टीम 19.2 ओवरों में ही 151 रन पर आउट हो गयी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं जेसन बेहरनडॉर्फ ने 3 विकेट जबकि मार्कस स्टोइनिस और एश्टन एगर ने 2-2 विकेट लिए।

### चौथे दिन भी शुरु नहीं हो पाया अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट,अंतिम दिन भी खेल होने की संभावना नहीं

ग्रेटर नोएडा (ईएमएस)। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच यहां होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन भी टॉस नहीं हो पाया। वहीं इससे पहले बारिश के कारण तीन दिन का खेल नहीं हो पाया था। अंपायरों ने गुरुवार की सुबह करीब सवा 9 बजे के आसपास ये फैसला लिया गया कि आज भी मैच शुरू नहीं होगा, क्योंकि बारिश का पानी स्टेडियम से निकल नहीं पाया है। अब एक ही दिन का खेल बचा है वह भी होना संभव नजर नहीं आ रहा है। मैच नहीं होने से अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) को करारा झटका लगा है।

एसीबी न्यूजीलैंड के साथ होने वाले इस टेस्ट मैच को लेकर उत्साहित था पर बारिश ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एसीबी ने इसी कारण भारतीयय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से नाराजगी भी जतायी थी। आधिकारिक प्रसारक एंड्रयू लियोनार्ड का कहना है कि कल भी यही स्थिति रहेगी। बीसीसीआई ने इस स्टेडियम को 2017 में ही प्रतिबंधित कर दिया था। बावजूद इसके अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसपर मैच रखने का फैसला किया। ऐसे में बीसीसीआई ने इसमें होने वाली गलती के लिए उसे ही जिम्मेदार माना है।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स पहली बार 83,000 , निफ्टी 25,000 के ऊपर निकला

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना मजबूत होने से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। इससे घरेलू इक्विटी में विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीदों से भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान एक समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 83,000 अंक से ऊपर पहुंच गया था पर बाद में फिसल गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स अंत में 1439.55 अंक करीब 1.77 फीसदी तेजी के साथ 82,962.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर निकल गया पर अंत में 470.45 अंक तकरीबन 1.89 फीसदी बढ़कर 25,388.90 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी से बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 467.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी रही उनमें भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस रहे। इसके साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं बैंक निफ्टी, ऑटो, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा और तेल एवं गैस से जुड़े शेयरों में भी एक फीसदी तेजी आई। भारती एयरटेल का शेयर चार फीसदी तेजी के साथ आज सबसे ऊपर पहुंचा। पर पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक फीसदी से ज्यादा तेजी आई है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब दो फीसदी ऊपर आया।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में मामूली वृद्धि हुई लेकिन महंगाई में कुछ स्थिरता दिखी। वहीं सीएमई फेडवॉच के अनुसार फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना बढ़ी है। इससे इस घरेलू इक्विटी में विदेश निवेश बढ़ने की संभावनाएं तेज हुई है। इसी कारण बाजार उछला है।

इससे पहले आज सुबह वै?श्विक बाजार से मजबूत संकेतों के बीच ही सेंसेक्स और निफ्टी की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 81,840 पर आ गया, जो 317 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 ने 141 अंक की वृद्धि के साथ 25,059 पर कारोबार किया। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 225 शुरुआती ट्रेडिंग में 3 फीसदी उछला और ब्रॉड-बेस्ड टॉपिक्स में 2.48 फीसदी की बढ़त देखी गई। दक्षिण कोरिया में कोस्पी 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ खुला, जबकि छोटे कैप वाला कोस्डाक 2.5 फीसदी ऊपर कारोबार करता दिखा। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी, एएसएक्स 200 में 0.6 फीसदी की बढ़त देखी गई, वहीं हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 17,194 पर ट्रेड करता दिखा। अमेरिका में रातभर व्यापक-आधारित एसएंडपी 500 में 1.07 फीसदी की बढ़त हुई, जबकि नेस्डेक कम्पो?जिट ने 2.17 फीसदी की तेजी दिखाई। डाऊ जोंस इंडस्ट्रीयल इंडेक्स ने 0.31 फीसदी की मामूली बढ़त हासिल की।

# इजराइल की एयरस्ट्राइक, 34 की मौत

गाजा (ईएमएस)। मध्य गाजा में संयुक्त राष्ट्र के एक स्कूल और दो घरों पर इजराइली हवाई हमले में 19 महिलाओं और बच्चों सहित करीब 34 लोग मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्कूल में विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने नुसेरात शरणार्थी शिविर स्थित स्कूल के अंदर से हमले की योजना बना रहे हमास के चरमपंथियों को निशाना बनाया।

इनमें 19 महिलाएं और 6 बच्चे भी शामिल हैं। मरने वालों में एनआरडब्ल्यूए के 6 कर्मचारी भी हैं।गाजा में युद्ध अब 11वें महीने में प्रवेश कर चुका है, जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल और हमास उग्रवादी समूह के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयास बार-बार बाधित होते रहे हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल के हमलों में 19 महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए।

इजराइल ने गाजा में मौजूद अल-जौनी स्कूल और दो घरों पर हमला किया। इसमें कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक यह स्कूल नुसीरत शरणार्थी शिविर में संयुक्त राष्ट्र की आपदा कार्य से जुड़ी संस्था का था जिसमें फिलिस्तीनी रिफ्यूजी रह रहे थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि स्कूल में जहां शरणार्थी रह रहे थे, उसे निशाना बनाया गया। इसे किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अचानक सेंसेक्स 1500 अंक उछला

मुंबई (ईएमएस)। शेयर बाजार में गुरुवार को अचानक तूफानी तेजी देखने को मिली और सेंसेक्स-निफ्टी सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए हाई लेवल पर पहुंच गए। बाजार बंद होने के ठीक आधे घंटे पहले बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1500 अंक उछलते हुए 83,116 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। निफ्टी ने भी 25,433 का हाई बनाया। हालांकि बाद में ये दोनों इंडेक्स थोड़ा नीचे आए और सेंसेक्स 1,439 अंक चढ़कर 82,962 और निफ्टी 470 अंक चढ़कर 25,388 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आखिरी घंटे के कारोबार के दौरान आई इस तूफानी तेजी के चलते निवेशकों की भी मौज हो गई और उनकी दौलत में करीब 6.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ। दरअसल, बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 467.36 लाख करोड़ रुपये हो गया।

गुरूवार के कारोबार में मेटल, आईटी, ऑटो और बैंक शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी का मेटल इंडेक्स 2.91 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। ऑटो इंडेक्स 2.14 प्रतिशत चढ़ा। आईटी में 1.60 प्रतिशत और बैंक में 1.49 प्रतिशत की तेजी रही। ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी 1.61 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, नेस्ले इंडिया गिरावट वाला इकलौता शेयर रहा, इसमें 0.09 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 3.41 प्रतिशत और कोरिया का कोस्पी 2.34 प्रतिशत चढ़ा। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग 0.77 प्रतिशत चढ़ा और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.17 प्रतिशत की गिरावट रही। 11 सितंबर को अमेरिकी बाजार डाओ जोंस 0.31 प्रतिशत चढ़कर 40,861 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक 2.17 प्रतिशत, एसएंडपी 500 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,554 पर बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 11 सितंबर को 1,755.00 करोड़ रूपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 230.90 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे।

ग्लोबल मार्केट में पॉजिटिव संकेतों का असर गुरुवार को सुबह शेयर बाजार पर देखने को मिला था और इसकी दमदार शुरुआत हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400 अंक उछलकर खुला था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी भी 100 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ ओपन हुआ था। वहीं दोपहर 3 बजकर 10 मिनट तक यानी मार्केट क्लोज होने से 20 मिनट पहले ही अचानक सेंसेक्स और निफ्टी में ऐसा उछाल आया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए और बाजार ने नया इतिहास रच दिया।

# सोने की कीमतों में तेजी, चांदी भी हुई महंगी

- सोने का भाव 71,950 रुपए, चांदी 84,700 के पार

नई दिल्ली (ईएमएस)। चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव सुधार देखा जाने लगा। सोने के वायदा भाव 71,950 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 84,700 रुपये के ऊपर कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि सोना गिरावट के साथ खुला। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव सुधर गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की गिरावट के साथ 71,918 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 20 रुपये की तेजी के साथ 71,947 रुपये के भाव पर कारोबारकररहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 28 रुपये की तेजी के साथ 84,478 रुपये परखुला। इससमययह 271 रुपये की तेजी के साथ 84,721 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव तेज हो गए। चांदी के भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,540.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,542.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 0.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,543.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.02 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 28.92 डॉलर था। इस समय यह 0.09 डॉलर की तेजी के साथ 29.02 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# अफगानिस्तान में जंग लड़े सैनिकों से मेडल छीनेगा ऑस्ट्रेलिया

प्रैक्टिस के लिए 39 लोगों को मार डाला था, अब इन पर चलेगा मुकदमा

कैनबरा (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया में कई सीनियर डिफेंस मिलिट्री कमांडरों का सर्विस मेडल छीन लिया जाएगा। इन्हें अफगानिस्तान में वॉर क्राइम्स करने का दोषी पाया गया है। ऑस्ट्रेलियाई संसद में रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। साल 2020 में ब्रेरेटन रिपोर्ट जारी हुई थी। इसमें सबूत मिले थे कि ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने अफगानिस्तान में जंग के दौरान गैरकानूनी तरीके से 39 लोगों को मार डाला था। रक्षा मंत्री मार्लेस ने कहा कि ये हमारे लिए हमेशा राष्ट्रीय शर्म का विषय बना रहेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक मार्लेस ने उन सैनिकों के नाम नहीं बताए जिनके पुरस्कार छीन लिए गए हैं। हालांकि स्थानीय मीडिया के मुताबिक इनकी संख्या करीब 10 बताई गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इन सैनिकों पर मुकदमा चलाने पर विचार किया जा रहा है।

अफगानिस्तान जंग लडऩे गए थे ऑस्ट्रेलियाई सैनिक

मिली जानकारी के मुताबिक साल 2001 से 2013 के बीच अफगानिस्तान में 39 हजार से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई सैनिक जंग लडऩे गए थे। इन्हें 11 सितंबर को अमेरिका पर हुए हमले के बाद तालिबान, अलकायदा और दूसरे इस्लामिक गुटों से लडऩे के लिए भेजा गया था। साल 2016 में खुलासा हुआ कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने वहां वॉर क्राइम्स किया है। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने एक कमेटी गठित की थी। इस कमेटी की अध्यक्षता पूर्व जज और मेजर जनरल पॉल ब्रेरेटन कर रहे थे। कमेटी उन्हीं के नाम से जानी जाती है। चार साल के बाद 19 नवंबर 2020 को ब्रेरेटन की रिपोर्ट जारी हुई। इसमें बताया गया था कि अफगानिस्तान में तैनात ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने कैदियों और आम नागरिकों का कत्ल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इसकी शुरुआत 2009 में हुई थी और 2012-13 में इससे जुड़ी सबसे ज्यादा घटनाएं हुईं। कम से कम 25 लोग इस अपराध में शामिल थे। इसे अंजाम देने वाले ज्यादातर ऐसे सैनिक थे, जो पहली बार जंग लडऩे गए थे।

प्रैक्टिस करने के लिए ले ली बेकसूर लोगों की जान

इन सैनिकों ने सिर्फ प्रैक्टिस के नाम पर बेगुनाह लोगों को मार डाला। ऑस्ट्रेलिया में तैनाती के बाद जब कोई सैनिक पहली बार किसी अपराधी को मुठभेड़ में मार गिराता है तो इसे 'ब्लडिंग' कहा जाता है। आमतौर पर कोई कमांडर गश्ती पर जाता था तो अपने जूनियर को 'ब्लडिंग' का आदेश देता था। कत्ल करने के बाद वे मारे गए लोगों के पास हथियार रख देते थे। इसके बाद वे रेडियो सेट के जरिए मैसेज भेजते थे कि उनका आतंकियों से एनकाउंटर हुआ जिसमें वे मारे गए।

# दुर्गा पूजा के दौरान अजान और नमाज से पहले लाउडस्पीकर बंद करे

बांग्लादेश की अंतरिम युनूस सरकार का फरमान

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू समुदाय के दुर्गा पूजा को लेकर सख्त हिदायत दी है। युनूस सरकार ने कहा कि अजान और नमाज के दौरान दुर्गा पूजा से संबंधित गतिविधियां, विशेष रूप से म्यूजिक बजना पांच मिनट पहले बंद कर दे। बांग्लादेश सरकार के इस तालिबानी फरमान का अब चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एमडी जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि पूजा समितियों को संगीत वाद्ययंत्र और ध्वनि प्रणाली बंद रखने के लिए कहा गया है। इसके बाद जब तक मस्जिदों में नमाज चलेगी, तब तक पंडालों में बजने वाले सभी म्यूजिक सिस्टम और लाउडस्पीकर बंद रहने चाहिएं।

उन्होंने देश में हिंदू समुदाय के दुर्गा पूजा से पहले देश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक बैठक के बाद ये घोषणाएं कीं। चौधरी ने कहा कि इस साल देश भर में कुल 32,666 पूजा मंडप बनाए जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 157 मंडप ढाका दक्षिण शहर में और 88 उत्तरी शहर निगमों में है। उन्होंने कहा कि पिछले साल पूजा मंडप की संख्या 33,431 थी, उन्होंने बताया कि इस साल यह संख्या इससे अधिक हो जाएगी। चौधरी ने मूर्तियों के निर्माण से लेकर उत्सव के दौरान सुरक्षा का भी आश्वासन दिया। हमने चर्चा की है कि पूजा मंडपों में चौबीसों घंटे सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए।

# सेमी और आईईएसए ने भारत में पारिस्थिति की तंत्र को बढ़ावा देने किया समझौता

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक सेमीकंडक्टर निकाय सेमी और उसके समकक्ष आईईएसए ने भारत में इस उद्योग के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक समझौते की घोषणा की है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि समझौते के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) सेमी का हिस्सा बन जाएगा।

सेमी सेमीकॉन इंडिया सहित सेमीकॉन कार्यक्रमों का आयोजक है। सेमी के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि यह साझेदारी सेमी को इस महत्वपूर्ण उभरते बाजार में एक मजबूत उपस्थिति बनाने में मदद करेगी और दोनों संगठनों को ठोस रणनीतियों की पहचान करने में सक्षम बनाएगी जो आपूर्ति श्रृंखला मजबूती बढ़ाने के लिए हमारी संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाती हैं।

हाल ही में जारी बयान में कहा गया कि सेमीकॉन इंडिया 2024 के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से संयुक्त नीति वकालत प्रयासों का मार्ग भी प्रशस्त होगा, जिसमें आईईएसए और सेमी उत्पाद विकास और विनिर्माण के लिए प्रोत्साहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेंगे, तथा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) और डिजाइन से जुड़े प्रोत्साहन (डीएलआई) मॉडल जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा ?कि यह उपलब्धि भारत, सेमी और आईईएसए के लिए एक बड़ी जीत है। यह भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर का ऊर्जा केंद्र बनने की स्थिति में ले जाएगा, आर्थिक वृद्धि को गति देगा और नवाचार को बढ़ावा देगा।

# फिलीपींस में डेंगू से 546 मौतें......सरकार उठ रही प्रभावी कदम

मनीला (ईएमएस)। फिलीपींस में डेंगू खतरनाक होता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। इस बीमारी की वजह से होने वाली मौतों की संख्या भी बढ़ रही है। इस साल जनवरी से 6 सितंबर तक डेंगू के 2,08,965 मामले दर्ज हुए हैं, जो पिछलेसाल की इसी अवधि से 68 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 546 मौतेंदर्जकीगईं। फिलीपींस के स्वास्थ्य सचिव टेओडोरो हर्बोसा ने कहा, हम डेंगू के मामलों में मौसमी बढ़ोतरी देख रहे हैं। उन्होंनेजनताको आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग जरूरी कदम उठाना जारी रखेगा।

स्वास्थ्य सचिव ने इस पर जोर दिया कि बरसात के मौसम की वजह से पैदा हुई स्थिति से निपटने के लिए सभी को तत्काल और ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रसार से निपटने के लिए सामूहिक कोशिश अहमियत रखती है। डेंगू फिलीपींस में स्थानिक रोग है। बदलती परिस्थितियों, बाढ़ और दूषित पानी के जमाव के कारण जुलाई से अक्टूबर तक बरसात के मौसम में डेंगू सहित जल जनित संक्रामक रोग आमतौर पर चरम पर होते हैं।

# जजों के चुनाव मामले में मैक्सिको की जनता सड़कों पर उतरी

मैक्सिको सिटी,(ईएमएस)। दुनियां में न्यायपालिका को लेकर नए तरह के प्रयोग करने का दौर चल निकला है। ऐसे में बताया जा रहा है कि मैक्सिको दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया, जहां जजों को आम जनता वोटिंग के जरिए चुन सकेगी। वैसे जजों के चुनाव से जुड़े प्रस्ताव को लेकर अब जनता सड़कों पर उतर आई है और इसका विरोध करते हुए प्रदर्शनकारी सीनेट में जो घुसे और तोड़फोड़ की है।

मैक्सिको में जजों के चुनाव वाले बिल का भारी विरोध हुआ और इसी विरोध के बीच संसद में इसे पारित कर दिया गया। सरकार का यह फैसला अब खुद उसके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। जानकारी अनुसार मैक्सिको की सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की ओर से संसद में पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में 86 जबकि विरोध में 41 वोट पड़े थे, जिसके बाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव के विरोध में अब आमजन सड़कों पर उतरा है और प्रदर्शन करते हुए सीनेट में घुा गए और तोड़फोड़ की है। प्रदर्शन करने वालों में लॉ स्टूडेंट्स से लेकर कोर्ट कर्मचारी भी शामिल हैं।

बताया जाता है कि जजों का चुनाव करने वाला विधेयक पारित कराने में राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की अहम भूमिका रही है। लोपेज का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म होने जा रहा है और वो अपने कार्यकाल के दौरान ही इसे पारित कराना चाह रहे थे। इस कारण आनन-फानन में प्रस्ताव लाया गया और पास करवा लिया गया। अब जनता इसके विरोध में सड़क पर उतरी हुई है।

## दो रूसी और एक अमेरिकी यात्री को लेकर सोयूज रवाना

मास्को (ईएमएस)। सोयूज' अंतरिक्ष यान ने दो रूसी और एक अमेरिकी यात्री को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी। कजाकिस्तान के बैकोनूर स्थित रूस के अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से एक विशाल रॉकेट के द्वारा अंतरिक्ष कैप्सूल को शाम चार बजकर 23 मिनट पररवाना किया गया। मिशन कमांडर रूस के एलेक्सी ओविचिनिन हैं, और चालक दल में उनके हमवतन इवान वैगनर और अमेरिकी डोनाल्ड पेटिट शामिल हैं।

# मुसलमानों को नपुंसक बनाने की दवा पोलियो.... पाकिस्तानी मौलवियों का कहना

कराची (ईएमएस)। भारत, चीन जैसे कई देश पोलियो से मुक्त हो चुके हैं। लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में बच्चों में पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। इसकारण पोलियो की दो बूंद दवा को लेकर फैलाया गया अंधविश्वास है। इसकारण खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और बलूचिस्तान के एक हिस्से में पोलियो वर्कर्स ही मार दिए जाते हैं। ऐसा ही केस सिंध प्रांत के जैकबाबाद में एक पोलियो वर्कर को किडनैप कर रेप किया गया। बमुश्किल पोलियो वर्कर को छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जिलाधिकारी जहूर मुर्री ने कहा कि हम पीड़िता की मेडिकल जांच करा रहे हैं। पोलियो वर्कर ने आरोप लगाया है कि दो संदिग्ध लोगों ने पोलियो ड्राप्स पिलाने के लिए बुलाया था। इन लोगों के पास हथियार भी थे। इन दोनों की पहचान कर ली गई है और पुलिस का कहना है कि जल्दी ही अरेस्ट कर लिया जाएगा। ऐसा ही एक केस खैबर पख्तूनख्वा के बजौर में आया है। यहां पोलियो कार्यकर्ता और उसकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को ही मार डाला गया। इन लोगों पर तब हमला हुआ, जब वे डयूटी करके लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो लोगों ने सड़क पर ही फायरिंग शुरू कर दी और वे मारे गए।

इसके साथ ही बजौर जिले में पोलियो का अभियान थम गया है। हालात हैं कि पाकिस्तान में पोलियो अभियान के विरोध के कारण लोग दवा नहीं पिला रहे हैं और फिर से खतरनाक बीमारी के केस आने लगे हैं। 1990 के दशक में पाकिस्तान में हर साल करीब 20 हजार केस आते थे। यह संख्या तेजी से घटते हुए 2018 में सालाना 8 पर ही आ गई थी। लेकिन इस साल अब तक ही 17 मामले मिल चुके हैं, जबकि बीते पूरे साल में ही 6 केस आए थे। लेकिन अब फिर से रफ्तार पकड़ ली है, जो चिंता की बात है।

# अमेरिका चीन की कई कंपनियों पर लगाएगा प्रतिबंध?

नई दिल्ली (ईएमएस)। यूएस की संसद में चीन के खिलाफ 28 बिल पेश किये जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पर राय देने के लिए बनाई गई संसद की सलेक्ट कमिटी ने इस संबंध में हाल ही में एक बयान जारी किया। अमेरिका की संसद में चीनी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसे चीनी सप्ताह इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि पूरे सप्ताह चीन के खिलाफ संसद में चर्चा की जाएगी और अलग-अलग मुद्दों पर 28 बिल पेश किये जाएंगे। इसमें अधिकांश बिल चीन के व्यापार में बढ़ते वर्चस्व को दबान के लिए हैं। बिल में ट्रेड, इलेक्ट्रिक व्हीकल और फार्म ओनरशिप जैसे मुद्दे शामिल हैं। सेलेक्ट कमिटी की प्रेस रिलीज के अनुसार कमिटी के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी बायोसिक्योर बिल से चीनी सप्ताह की शुरुआत करेंगे। इस बिल का मकसद अमेरिकी का लोगों का जेनेटिक डाटा बचाना और अमेरिकी कंपनियों को चीन की सरकार द्वारा समर्थिक बायोटेक्नोलॉजी कंपनियों की लूट-खसोट वाली नीतियों से बचाना है। बायोसिक्योर बिल के केंद्र में चीन की मिलिट्री कंपनी बीजीआई जीनोमिक्स, बायोटेक्नोलॉजी कंपनी वुक्सी ऐपटेक और वुक्सी बायोलॉजिक्स है। इन कंपनियों को कई फेडरल कॉन्ट्रेक्ट्स के लिए अयोग्य करार दिया जा सकता है। अ?धिकारी ने कहा है कि इस बिल के साथ अमेरिका यह संदेश देना चाहता है कि चीन उनका जेनेटिक डाटा चुराता रहे और वह चुपचाप बैठे देखते रहें ऐसा नहीं होगा। सेलेक्ट कमिटी द्वारा प्रस्तावित बिल में हांग-कांग इकोनॉमिक एंड ट्रेड ऑफिस सर्टिफिकेशन एक्ट भी शामिल है। इससे यूएस के राष्ट्रपति को यह अधिकार मिल जाएगा कि वह यूएस में हांगकांग के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दे सकते हैं।

## कच्चा तेल 72 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली (ईएमएस)। वै?श्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव 72 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। वै?श्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.43 डॉलर की उछाल के साथ 71.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.36 डॉलर की बढ़त के साथ 66.67 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

## सरकार 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ करने के प्रावधान में करेगी संशोधन

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार स्क्रैप पॉलिसी में बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार 15 साल पुराने कारों को कबाड़ करने के अनिवार्य प्रावधान में संसोधन करने पर सरकार विचार कर रही है। जिससे अब पुरानी कार को कबाड़ में बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हाल ही में सरकार ने जानकारी दी थी कि सिर्फ उम्र के आधार पर वाहनों को हटाने के बजाय, कठोर प्रदूषण परीक्षण मानकों और विश्वसनीय फिटनेस जांच पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी उम्र के आधार पर गाड़ी को रोड से हटाया जा रहा है। इसका काफी विरोध हो रहा है। इसको देखते हुए अब नीति में बदलाव की योजना है। गौरतलब है ?कि 15 साल पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने की पॉलिसी इस वक्त केवल दिल्ली-एनसीआर में लागू है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को कम करने और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के उद्देश्य से यह फैसला सुनाया था। कोर्ट के फैसले के मुताबिक 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहन और 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहन दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर नहीं चल सकते हैं।

## यागी तूफान से मरने वालों की संख्या 197 पहुंची, 128 लापता

हनोई,(ईएमएस)। वियतनाम में आए तूफ़ान यागी से भूस्खलन और बाढ़ से मरने वालों की संख्या अब तक 197 हो गई और 128 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साल एशिया में आए सबसे शक्तिशाली तूफान यागी ने विगत शनिवार को वियतनाम के उत्तरी तट पर दस्तक दी और पश्चिम की ओर बढ़ गया, जिससे राजधानी हनोई में बहुत तेज आंधी चली और भारी बारिश हुई। तूफान ने क्षेत्र की सबसे बड़ी रेड नदी के किनारे के अन्य प्रांतों को भी नुकसान पहुंचाया। तूफान के कारण एक पुल ढह गया।

# अमेरिकी युवाओं के लिए घातक बना चीन का धीमा जहर,अब तक दो सौ की हुई मौत

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में एक नई महामारी विकसित हो रही है। इसका नाम है ड्रग्स। यानी वो धीमा जहर जिसकी चपेट में युवा जल्दी आते हैं। अमेरिका में ड्रग्स में चपेट में आने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महामारी मुख्य रूप से फेंटेनाइल और अन्य ओपिओइड के कारण है। यह पदार्थ हर हफ्ते 1,500 से अधिक अमेरिकियों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है, ये पूरे देश में घातक ओवरडोज़ का मुख्य कारण बन गए हैं। अब तक करीब दो सौ लोगों की मौत हो चुकी है।

इस आपूर्ति श्रृंखला में चीन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो घातक फेंटेनाइल को संयुक्त राज्य अमेरिका में लाता है। भले ही दोनों देश प्रशांत महासागर के विशाल विस्तार से अलग हों। हेरिटेज फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीनी रासायनिक कंपनियां मैक्सिकन कार्टेल को फेंटेनाइल के उत्पादन के लिए आवश्यक कंपनियों की आपूर्ति कर रही है, जिसे बाद में अमेरिकी सीमा के पार तस्करी कर लाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार हाल के सालों में वैध फेंटेनाइल, एक अत्यधिक शक्तिशाली सिंथेटिक ओपिओइड, इस ड्रग्स महामारी का चेहरा बन गया है। अवैध फेंटेनाइल की आपूर्ति मुख्य रूप से चीन और मैक्सिको में की जाती है और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी की जाती है। अमेरिका में फेंटेनाइल संकट के कारण 2023 में 108,000 से अधिक ओवरडोज़ से मौतें हुई हैं। इस महामारी से हो रही मौत के पीछे मिले सबूत में चीन और मैक्सिको दोनों की प्रत्यक्ष भागीदारी देखने को मिली है। ड्रग की घातकता और इसके उत्पादन और वितरण में आसानी ने इसके प्रभाव को और बढ़ा दिया है, हर दिन लगभग 200 अमेरिकी फेंटेनाइल ओवरडोज़ से मर रहे हैं। फेंटेनाइल संकट एक जटिल वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का परिणाम है, जो चीन के बायोफर्मास्युटिकल उद्योगों को मैक्सिकन ड्रग कार्टेल और अंततः अमेरिकी संपर्क से जोड़ता। चीनी कंपनियां फेंटेनाइल प्रीकर्सर रसायनों का उत्पादन और निर्यात करती हैं, जिन्हें बाद में मैक्सिको भेजा जाता है। वहां, कार्टेल रसायनों को फेंटेनाइल में तब्दील करते हैं और तैयार उत्पाद को संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी करते हैं। एक भू-राजनीतिक विरोधी और दूसरा संगठित अपराध से त्रस्त राष्ट्र – एक सार्वजनिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा संकट को बढ़ावा दे रहा है जिसे नियंत्रित करना अमेरिका के लिए मुश्किल साबित हुआ है।। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, फेंटेनाइल अब अमेरिका के सामने अब तक का सबसे घातक ड्रग खतरा है। 2023 में दर्ज की गई 108,000 ओवरडोज़ मौतों में से 75,000 से ज़्यादा मौतों के लिए फेंटेनाइल जैसे सिंथेटिक ओपिओइड ज़िम्मेदार थे।

## नाइजीरिया में भीषण बाढ़ से 30 की मौत.....लाखों प्रभावित

अबूजा (ईएमएस)। उत्तर-पूर्व नाइजीरिया में भीषण बाढ़ के कारण 30 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बोर्नो राज्य में एक प्रमुख बांध के टूटने से भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, इससे निवासियों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी पड़ी।

बात दें कि यही बांध 30 साल पहले भी टूटा था। राज्य सरकार ने कहा कि असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण बांध में क्षमता के मुताबिक पर्याप्त पानी भर गया था। नाइजीरिया में दो वर्ष पहले भी भीषण बाढ़ आई थी जिसमें 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी का करीब 15 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न है।

## पापुआ न्यू गिनी में लगे भूकंप के तेज झटके

पोर्ट मोरेस्बी,(ईएमएस)। पापुआ न्यू गिनी के लोरेंगौ से 170 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में भूकंप के तेज झटके महसूस लगे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक बुधवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 16:46 बजे आए भूकंप की तीव्रता पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र 3.27 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

## व्यापारियों के लिए गेहूँ के स्टॉक की सीमा तय

:: थोक विक्रता 3 हजार टन तक कर सकते है गेहूँ का भण्डारण ::

इन्दौर (ईएमएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि गेहूँ की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापारियों को गेहूँ के स्टॉक की सीमा तय कर दी गयी है। इस नई व्यवस्था में 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए व्यापारी/ थोक विक्रेता 3 हजार टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकता है। रिटेलर, प्रत्येक रिटेलर आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो के लिए 3 हजार टन का गेंहूँ का स्टॉक रख सकेगा।

मंत्री सिंह ने बताया है कि प्रत्येक व्यापारी को धारित स्टॉक की घोषणा नियमित रूप से भारत सरकार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर करना होगी। कोई भी व्यापारी निर्धारित सीमा से अधिक गेहूँ का स्टॉक क्रय,विक्रयएवंविक्रय के लिए भण्डारित नहीं करेगा। गेहूँ के स्टॉक और परिवहन के लिए उपयोग किये जाने वाले वाहन की कभी भी जाँच की जा सकेगी।

# खालिदा जिया की तबीयत बिगड़ी

-बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को गुरुवार एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 79 वर्षीय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष अपने आवास गुल्शन से रात के 1:40 बजे एवरकेयर अस्पताल पहुंचीं। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य सायरुल कबीर खान ने इसकी जानकारी दी। उनके फिजिशियन प्रोफेसर एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड ने उन्हें कुछ टेस्ट कराने को कहा है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें प्राइवेट केबिन में रखा गया है।

फिजिशियन ने कहा, टेस्ट के नतीजों की समीक्षा के बाद उनके उपचार के लिए तारीख निर्धारित की जाएगी। 21 अगस्त को खालिदा जिया 45 दिनों के इलाज के बाद घर लौट आई थीं। बता दें कि पिछले पांच वर्षों से बांग्लादेश की पूर्व पीएम नजरबंद थीं। इस साल छह अगस्त को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के आदेश के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया। पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग के पतन के बाद जिया को उनके खिलाफ सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया।

# 61 इंच का सीना और विशालकाय शरीर वाले गोलेम का निधन

16,500 कैलोरी बढ़ाने दिन में सात बार खाते थे खाना

मिन्स्क,(ईएमएस)। बेलारूस के मशहूर बॉडी बिल्डर इलिया गोलेम येफिमचेक का 36 साल की उम्र में निधन हो गया है। इलिया अपने शरीर की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर थे उनके कई फैंस थे। उन्होंने अपने अविश्वसनीय शरीर की वजह दुनिया के सबसे खतरनाक बॉडी बिल्डर का खिताब जीता था। वह अक्सर सोशल मीडिया पर एक्सरसाइज की तस्वीरें शेयर करते थे और उनके लाखों की संख्या में फॉलोवर्स भी थे। बॉडी बिल्डिंग की दुनिया में इलिया गोलेम से उनको शोहरत मिली हालांकि उनका असली नाम इलिया येफिन्शिक था। इलिया की मौत किस कारण से हुई यह अभी तक पता नहीं चल सका है। उनकी पत्नी अन्ना ने बताया है कि 6 सितंबर की सुबह गोलेम को घबराहट हुई और दिल की धड़कन रुकने लगी। इसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया। दो दिन बाद डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

इलिया की छाती 61 इंच की थी और बांह 25 इंच की थी। उनकी वेटलिफ्टिंग 700-पाउंड स्क्वाट, 700-पाउंड डेडलिफ्ट और 600-पाउंड बेंच प्रेस थीं। ये आकार उनको विशालकाय मानव बनाता था। 160 किलोग्राम के इलिया को अपना वजन बनाए रखने के लिए उन्हें दिन में सात बार खाना खाना पड़ता था और 16,500 कैलोरी बढ़ानी पड़ती थी।

जानकारी के मुताबिक गोलेम को कम उम्र में ही शारीरिक व्यायाम का शौक हो गया था। वह अपनी पढ़ाई के लिए चेक गणराज्य गए और यहां भी उन्होंने व्यायाम जारी रखा। चेक गणराज्य में 6 फीट के गोलेम ने डाइट और व्यायाम के जरिए अपने शरीर को विशालकाय यानी खतरनाक बना लिया। गोलेम का लक्ष्य अपने आदर्श सिल्वेस्टर स्टेलोन और अर्नोल्ड श्वार्जनेगर जैसा दिखना था। इलिया गोलेम के करियर को उनके साथियों ने फिटनेस और ताकत के प्रति समर्पण के लिए याद किया है। बेलारूस और चेक में उनको बॉडी बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।

बॉडी बिल्डिंग की दुनिया के जुड़े लोगों की मौत की खबरें हाल के समय में लगातार सामने आई हैं। गोलेम से पहले ब्राजील के बॉडीबिल्डर मैथ्यूस पावलक अपने घर में मरे हुए पाए गए थे। पावलक ने बचपन के मोटापे से जूझने के बाद बॉडी बिल्डिंग में नाम कमाया था। बॉडी बिल्डिंग में कई तरह के जोखिम की बात एक्सपर्ट करते हैं क्योंकि इसमें एथलीट कई बार शरीर को सीमा के परे जाकर भी वजन उठाने की कोशिश करके हैं। एक्सपर्ट आधुनिक समय में बॉडी बिल्डिंग में कई तरह खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल पर भी सवाल उठा चुके हैं।

